दिनांकः 18.03.2024
समय : 09:00 ए.एम.
प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

- निर्वाचन विभाग ने राजनीतिक दलों से आदर्श आचार संहिता की पालना के लिए सहयोग का किया आग्रह।
- लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र पुलिस और प्रशासनिक अमला मुस्तैद–कई स्थानों पर कार्रवाई और फ्लैग मार्च।
- स्टार्टअप महाकुंभ आज से नई दिल्ली में–स्टार्टअप, निवेशक और प्रतिनिधि मंडल लेंगे भाग।
- प्रदेशभर में फागोत्सव की धूम–आयोजनों के दौरान दिया जा रहा है मतदान का संदेश।

निर्वाचन विभाग ने सभी राजनीतिक दलों से स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान तथा आदर्श आचार संहिता का पालन करवाने के लिए सहयोग देने का आग्रह किया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने कल दलों के प्रतिनिधियों के साथ जयपुर में बैठक की। उन्होंने लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम तथा आदर्श आचार संहिता के बारे में बताया। श्री गुप्ता ने कहा कि सभी राजनैतिक दलों को अपने प्रत्याशियों की आपराधिक पृष्ठभूमि संबंधी जानकारी अपनी वेबसाइट, सोशल मीडिया हेन्डल, राष्ट्रीय तथा स्थानीय समाचार पत्रों में कम से कम तीन बार प्रकाशित करवानी होगी।

इस दौरान श्री गुप्ता ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदाता सूची अपडेट करने, मतदान केन्द्रों का पुनर्गठन, चुनाव के लिए कार्मिकों की तैनाती तथा बूथ स्तर तक निर्वाचन प्रबंधन के बारे में निर्देश दिए। उन्होंने ईवीएम और वीवीपैट के स्टॉक की समीक्षा करते हुए मशीनों का समुचित रैंडमाइजेशन करने का भी सुझाव दिया। उन्होंने चुनावी खर्च की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से पुलिस को चुनाव कार्य के दौरान सुरक्षा प्रबंधन और कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिये। उन्होंने ज़मीनी स्तर पर संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च करवाने को कहा।

वीडियो कॉन्फ्रेंस में चुनावी खर्च मॉनिटरिंग के नोडल ऑफिसर, सभी संभागीय आयुक्त तथा पुलिस रेंज के महानिरीक्षक सहित अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राज्य का पुलिस और प्रशासनिक अमला मुस्तैद हो गया है। आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद कल बीकानेर में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। बीकानेर पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम ने बताया कि पुलिस की 105 टीमों ने 411 जगह दबिश देकर करीब डेढ़ सौ अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

............

वहीं पड़ोसी राज्य पंजाब से सटे श्रीगंगानगर जिले में भी बॉर्डर एरिया पर सख्ती बरती जा रही है। श्रीगंगानगर से हमारे संवाददाता ने बताया कि पंजाब से आने वाली अवैध शराब की संभावना को देखते हुए वाहनों की गहन तलाशी ली जा रही है।

............

अलवर जिले की सीमाओं को सील कर दिया गया है। अंतर्राज्यीय सीमा पर नाकाबंदी की गयी है। पुलिस अधीक्षक आनन्द शर्मा ने बताया कि चुनाव के दौरान अवैध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। अवैध शराब और अन्य मादक पदार्थों की तस्करी को लेकर वाहनों की तलाशी ली जा रही है।

निर्वाचन आयोग की ओर से चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद से ही चुनावी प्रक्रिया में तेज़ी आ गयी है। कई स्थानों पर स्वीप गतिविधियों के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरुक किया जा रहा है।

दौसा में आज सुबह नगर परिषद की ओर से प्रभात फेरी निकाली गई। इसमें परिषद के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रभात फेरी के माध्यम से लोगों मतदान करने का संदेश दिया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों को मतदान की शपथ दिलाई गयी।

अलवर जिले में 'आओ बूथ चलें अभियान' के तहत मतदाताओं ने मतदान केंद्र पहुँचकर वोटर लिस्ट में अपना नाम खोजा। बीएलओ ने लोगों को वोटर हेल्प लाइन एप की प्रक्रिया समझाई।

जालौर में कल जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। ये मार्च शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरा। जिला कलेक्टर ने बताया कि इसका उद्देश्य चुनाव के दौरान आम जनता के लिए भय मुक्त माहौल बनाना है।

स्टार्टअप महाकुंभ आज से नई दिल्ली के भारत मंडपम में शुरु होगा। यह कार्यक्रम 20 मार्च तक चलेगा। इस आयोजन में विभिन्न स्टार्टअप के अलग–अलग पवेलियन होंगे, जिनमें एआई, बीटूबी, एग्रीटेक, डीपटेक, क्लाईमेट टेक, गेमिंग, ई–स्पोर्ट्स, फिनटेक जैसे कई विशेष पवेलियन शामिल होंगे। इस महाकुंभ का उद्देश्य पूंजीपतियों और निवेशकों को भारतीय व्यापार के साथ जोड़ना है। उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग के सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा कि भारत तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप तंत्र का देश है और नए स्टार्टअप की इस सूची में रोजाना बड़ी संख्या में वृद्धि हो रही है। इस महाकुंभ में दो हजार से अधिक स्टार्टअप, बड़ी संख्या में निवेशक, भावी उद्यमी और विश्वस्तरीय प्रतिनिधि मंडल हिस्सा लेंगे।

सिरोही के रेवदर कस्बे में कांडला राजमार्ग पर कल दो मोटरसाइकिलों की आमने–सामने की टक्कर में दो लोगों की मृत्यु हो गयी और दो लोग घायल हो गये। घायलों को गुजरात रैफर किया गया है।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से मतदाता जागरूकता के लिये संदेश श्रृंखला शुरू की गई है। इसमें श्रोता संदेश भेजकर आमजन को वोट डालने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। श्रोता अपने संदेश रिकॉर्ड कर या टाईप कर व्हॉट्सअप नम्बर 94140–52368 पर भेज सकते हैं। चुनिन्दा संदेशों को समाचार बुलेटिनों में स्थान दिया जाएगा।

.................

होली का त्यौहार नजदीक आने के साथ ही प्रदेशभर में फागोत्सव के आयोजन के हो रहे हैं।

इसी कड़ी में कल नागौर में विभिन्न स्थानों पर महिलाओं और पुरुषों ने फाग गीतों पर नृत्य किया और गुलाल तथा फूलों की होली खेली।

करौली से हमारे संवाददाता ने बताया कि मदन मोहनजी मंदिर सहित जिले के सभी कृष्ण मंदिरों में फागोत्सव का रंग छाया हुआ है। फूलों की होली खेलकर और फाग गाकर लोग उत्सव का आनंद ले रहे हैं।

.................

उधर, बीकानेर में फागोत्सव में महिलाओं ने लोकसभा चुनाव में शत–प्रतिशत मतदान करने का आह्वान किया और वोट डालने की शपथ ली।